>

Title: Alleged delay in the broad gauge conversion of Shriganganagar Swarupnagar rilway line.

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : सभापति महोदय, मैं राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र श्रीगंगानगर से आता हूं। राजस्थान प्रदेश का सीमावर्ती क्षेत्र श्रीगंगानगर पूरा कृषि पर निर्भर है। एनडीए सरकार ने सन् 2003 में श्रीगंगानगर स्वरूपसर तक मीटरगेज लाइन को ब्रॉडगेज लाइन में स्वीकृत किया था।[N88] [R89] एनडीए सरकार ने उसको वर्ष 2006 तक कंप्लीट करने का भरोसा दिलाया था। 115 किलोमीटर लंबी यह लाइन जिसके लिए एक अरब 12 करोड़ रूपए का बजट भी बना था, केन्द्र सरकार से स्वीकृति प्रदान कर दी थी। वर्तमान सरकार ने इसके लिए मात्र 70 करोड़ रूपए जारी किए हैं। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस रेलवे लाइन के लिए बचे हुए पैसे जारी करके, इसे पूरा कराया जाए। इसके अलावा श्रीगंगानगर से जयपुर की जो मीटरगेज लाइन है, जिसे वर्ष 2008 के बजट में शामिल किया गया था, उसे इस बजट में भी पैसा जारी करके, स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।